उत्तर प्रदेश की विद्युत परियोजनाओं के लिए गैस आपूर्ति और भूमि अधिग्रहण में विलम्ब ।

1726. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गैस की आपूर्ति और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के कारण उत्तर प्रदेश की विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलम्ब हुआ है;

(ख) यदि हां, तो गैस की आपूर्ति और भूमि अधिग्रहण न होने के कारण कौन-कौन सी विद्युत परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इन परियोजनाओं पर की जाने वाली फिजूलखर्ची की समीक्षा की है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) इन कमियों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) गैस सप्लाई न हो पाने के कारण उत्तर प्रदेश में किसी भी विद्युत परियोजना में विलम्ब नहीं हुआ है। तथापि, भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं के कारण उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलम्ब हुआ है :—

1. उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड की जिला फैजाबाद अवस्थित टाण्डा ताप विद्युत परियोजना (4×110 मेगावाट) ।

2. राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की जिला गाजियाबाद में दादरी अवस्थित राष्ट्रीय राजधानी ताप विद्युत परियोजना (4×210 मेगावाट) ।

(ग) से (ङ) आवश्यकता आधारित अपेक्षाओं के आधार पर निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं के लागत अनुमानों और निधियों संबंधी आवश्यकताओं की, वार्षिक योजना विचार-विमर्श एवं सिफारिश करते समय प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से मानीटरिंग की जाती है और इनको योजना आयोग के अनुमोदन के लिए उन्हें भेज दिया जाता है ।

निर्माणाधीन परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों में हुई प्रगति की, परियोजना प्राधिकारियों, प्रमुख निर्माताओं आदि के परामर्श से नियमित तथा सघन मानिटरिंग की जाती है, ताकि इन परियोजनाओं को समयानुसार पूरा किया जा सके। विभिन्न बाधाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा समयानुसार उपचारात्मक कार्यवाही की जाती है ।

उत्तर प्रदेश में कृषि पम्प सैटों का सुधार :

1727. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष विद्युत विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदान सहायता से उत्तर प्रदेश में कृषि संबंधी अग्रगामी परियोजनाओं के अधीन कृषि पम्प सैटों में सुधार के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो वह लक्ष्य क्या है और उत्तर प्रदेश को कितनी धनराशि प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० पी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) जी नहीं। चालू वर्ष के दौरान, इस संबंध में उत्तर प्रदेश के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है तथा इसके लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जा रही है ।